हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, शनिवार 13 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

02 जल संसाधन विभाग पर फिर लगे भ्रष्टाचार...



04 प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी का गोहरापदर में जोरदार...





# नक्सलियों का गढ़ ध्वस्त, कुल्हाडीघाट क्षेत्र के चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा बल तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

गरियाबंद जिले के मैनपुर क्षेत्र में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है। पिछले नौ महीनों में दूसरी बार, पुलिस के जवानों ने घने नक्सल प्रभावित इलाके, कुल्हाड़ीघाट-मटाल पहाड़ी के जंगल में, 10 नक्सलियों को मार गिराया है। यह ऑपरेशन भारी बारिश के बीच चला, जिसमें जवानों ने पूरी बहादुरी के साथ मोर्चा संभाला। यह वही कुल्हाड़ीघाट का इलाका है, जहां इसी साल जनवरी में पुलिस ने दुर्दांत नक्सली जयराम चलपति और 16 अन्य नक्सलियों को मार गिराया था। बीहड़ और दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण नक्सली इस जगह को अपना सुरक्षित ठिकाना मानते थे, लेकिन सुरक्षाबलों की लगातार कार्रवाई ने उनके मंसूबों पर पानी फेर दिया है।इस बड़ी घटना की खबर मिलते ही प्रदेश भर से बड़ी संख्या में पत्रकार और मीडियाकर्मी मैनपुर पहुंचने लगे। घटना स्थल, राजाडेरा तक पहुंचने में पत्रकारों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। एक तरफ सुरक्षा कारणों से जगह-जगह जांच चल रही थी, वहीं दूसरी ओर भारी बारिश ने भी उनकी राह में बाधा डाली। इन चुनौतियों के बावजूद, कई पत्रकार मौके पर पहुंचे और अपने कैमरे में जवानों की बहादुरी और सफलता को कैद किया।

■ समाचार कवरेज करने पत्रकारों का दल मुश्किल से पहुंचा

## जवानों ने पूरी बहादुरी के साथ संभाला मोर्चा



### इलाके में दहशत और सुरक्षा का माहौल



पिछले दो दिनों से कुल्हाड़ीघाट इलाके में गोलियों की आवाज से ग्रामीण दहशत में थे। कई स्कूल बंद रहे और लोग अपने घरों से बाहर निकलने में भी डर रहे थे। हालांकि, मुठभेड़ खत्म होने के बाद जब पुलिस बल मैनपुर तहसील मुख्यालय लौटा, तो नगरवासियों की भारी भीड़ उन्हें देखने के लिए उमड़ पड़ी, जो पुलिस के प्रति सम्मान और कृतज्ञता का भाव दर्शाती है। इलाके के चप्पे-चप्पे पर अभी भी पुलिस बल तैनात है।

## खबर संक्षेप

### साहेबिनकछार में कक्षा पहली की छात्र की मौत



**मैनपुर।** गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखण्ड अंतर्गत दुरस्थ वनांचल में बसे ग्राम पंचायत साहेबिनकछार अंतर्गत ग्राम करलाझर शासकीय प्राथमिक शाला में अध्यनरत कक्षा पहली की एक छात्र देवेन्द्र चक्रधारी पिता सदाराम चक्रधारी की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार यह छात्र काफी कमजोर था और बीमार था बीमारी के चलते छात्र की मौत होने की जानकारी मिली है साथ ही गरीबी स्थिति के कारण परिजन उच्च अस्पताल में ईलाज नही करा पाये ऐसी जानकारी ग्रामीणों के द्वारा दिया जा रहा है।

### सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का शुभारंभ आज

**छुरा।** भारतीय जनता पार्टी मण्डल छुरा के तत्वाधान में मंडल स्तरीय सेवा पखवाड़ा कार्यशाला 13 सितंबर शनिवार दोपहर 2 बजे स्थान विश्राम गृह छुरा में आयोजित किया गया है। जिसमें मुख्य वक्ता रोहित साहू जी विधायक राजिम होंगे। अतः मंडल के सभी वरिष्ट नेता, जिला पदाधिकारी, शक्ति केंद्र के प्रभारी, संयोजक , सहसंयोजक, बूथ अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य, जनपद अध्यक्ष एवं सदस्य, नगर पंचायत अध्यक्ष व पार्षद, सहित समस्त ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं की उपस्थिति अति आवश्यक रूप से रहना जरूरी है।

### ग्राम पसौद में राज्यस्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता आज

**राजिम।** ग्राम पसौद में न्यू स्टार क्रिकेट क्लब के तत्वाधान तथा ग्रामवासियो के सहयोग से 13 सितंबर शानिवार को राज्यस्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन होने जा रहा है। जिसमें हथखोज सरपंच बलराम भगत निषाद द्वारा प्रथम पुरस्कार की राशि 20 हजार रूपए दी जाएगी। द्वितीय पुरस्कार पसौद सरपंच पुरुषोत्तम तिवारी द्वारा 15 हजार रूपए दी जाएगी।

### महिला के साथ मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम नांदगांव में एक महिला के साथ मापीट के मामले में आरोपी के खिलाफ सिटी कोतवाली में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को बिरझा पटेल निवासी नांदगांव ने बताया कि 10 सितंबर को वह अपनी बहू के साथ घर में थी,तभी उसके देवर का बेटा शिवचरण पटेल घर आया और खेत को रेग में क्यों बोये हो कहकर बहू के साथ गाली गलौज करने लगा। जिसे मना करने पर दोनों को जान से मारने की धमकी दी और बांस के डंडे से मेरी बहू के सिर में मारपीट कर चोट पहुंचाया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### शराब परिवहन कर रहे दो लोग गिरफ्तार

**महासमुंद।** शराब के अवैध परिवहन के आरोप में पिथौरा पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति एक मोटर सायकल में बैठकर बीच में देशी शराब रखकर पिथौरा से बरतुंगा जा रहे हैं। इसके बाद पुलिस टीम पिथौरा से बागबाहरा रोड रामदर्शन स्कूल के पास ग्राम जंघोरा पहुंची, तभी पिथौरा से बरतुंगा की ओर दो व्यक्ति बाइक से आते दिखे, जिन्हें रोककर पूछताछ की गई। जिस पर मोटर सायकल चालक ने अपना नाम पुष्पम रात्रे पिता अगनु रात्रे (27 वर्ष) बरतुंगा एवं पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम राजेश ध्रुव पिता भुनेश्वर ध्रुव (19 वर्ष) बरतुंगा थाना पिथौरा निवासी होना बताया। इस दौरान पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 40 पौवा देशी प्लेन शराब एवं मोटर सायकल के डिक्की के अंदर 25 पौवा देशी प्लेन शराब कुल कीमत 5200 रुपए को जब्त किया। मामले में आरोपियों को धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया।

## सौगात : वर्षों की मांग हुई पूरी, दो पुलों के लिए 18.84 करोड़ रुपए की प्रशासकीय मिली स्वीकृति

# सरगी नाला फिंगेश्वर और सूखा नाला छुरा में बनेगा करोड़ों का उच्च स्तरीय पुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजिम/फिंगेश्वर/छुरा/ छुईहा बेलर

राजिम विधानसभा क्षेत्र के दो प्रमुख मार्गों में उच्च स्तरीय पुल निर्माण की वर्षों पुरानी बहुप्रतीक्षित मांग विष्णुदेव साय की सरकार ने पूरा कर दिया है। राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू की निरंतर सक्रियता के परिणामस्वरूप राजिम विधानसभा को आज फिर से करोड़ों रूपये के ऐतिहासिक सौगातों से सरकार ने नवाजा है। छत्तीसगढ़ शासन ने महासमुंद-राजिम मार्ग पर फिंगेश्वर के निकट सरगी नाला में उच्चस्तरीय पुल निर्माण के लिए 08 करोड़ 21 लाख 16 हजार रूपये तथा छुरा-कोमाखन मार्ग पर (कोसमबुड़ा) उच्चस्तरीय पुल निर्माण के लिए 10 करोड़ 63 लाख 75 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। वित्त विभाग की सहमति के बाद लोक निर्माण विभाग मंत्रालय, महानदी भवन नवा रायपुर से आदेश जारी किया गया है। गौरतलब है कि इस पुल की मांग लंबे समय से की जा रही थी, क्योंकि स्टेट हाइवे होने के बाद भी राजिम महासमुंद मार्ग के सरगी नाला में बरसात के दिनों में कई बार नाला उफान पर आने से आवागमन प्रभावित हो जाता था। पुल बनने के बाद अब स्थानीय लोगों को निर्बाध आवाजाही की सुविधा मिलेगी। इसके अलावा छुरा से कोमाखान मार्ग में कोसमबुड़ा के निकट भी अत्यंत संकीर्ण पुल के कारण आवागमन बाधित होता था जिससे अब निजात मिलेगी।

**खास बातें**

- राजिम-फिंगेश्वर-बोरसी मार्ग पर सरगी नाला पुल 8 करोड़ 21 लाख 16 हजार रुपए
- छुरा-कोमाखन मार्ग पर कोसमबुड़ा पुल 10 करोड़ 63 लाख 75 हजार रुपए



### विकास के प्रति संकल्प का प्रतिबिंब : साहू



इस स्वीकृति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विधायक रोहित साहू ने इसे राजिम विधानसभा क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर मानते हुए विकास के प्रति संकल्पों प्रतिबिंब बताया। उन्होंने कहा कि जो काम वर्षों से अधूरे पड़े थे उन सभी कामों को पूरा करने की जिम्मेदारी हमारी है, हमारी सरकार ने राजिम क्षेत्र को करोड़ों रुपयों की स्वीकृति प्रदान की है उसी क्रम में यह पुल निर्माण की स्वीकृति मिलना भी हर्ष की बात है इसके लिए क्षेत्रवासी बधाई के पात्र हैं। भाजपा सरकार के सुशासन की प्रतिबद्धता से हमारा राजिम सबसे तीव्र विकास का साक्षी बन रहा है। दोनों प्रमुख मार्ग पर पुल निर्माण के लिए करोड़ों रूपये की स्वीकृति मिलना राजिम विधानसभा के विकास के प्रति हमारे संकल्प का प्रतिबिंब है। विधायक रोहित साहू ने इस स्वीकृति के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय,उपमुख्यमंत्री अरुण साव तथा वित्त मंत्री ओपी चौधरी का आभार प्रकट किया और कहा कि यह पुल आने वाली पीढ़ियों को विकास नई राह दिखाएगा।

# जर्जर सड़क से परेशान ग्रामीण, हादसे का डर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईहा बेलर

गरियाबंद जिले के छुईहा बेलर क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग के अधीन बोड़की-फूलझर मुख्य सड़क की हालत बेहद खराब है। सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे हो गए हैं, जिससे आए दिन छोटे-बड़े हादसे हो रहे हैं। इस जर्जर सड़क से सबसे ज्यादा स्कूली बच्चे प्रभावित हो रहे हैं, जिन्हें रोज जान जोखिम में डालकर स्कूल जाना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि वे इस सड़क की मरम्मत के लिए कई बार लोक निर्माण विभाग, जनप्रतिनिधियों और समाधान शिविरों में शिकायत कर चुके हैं, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। बोड़की के सरपंच नेतराम सिन्हा, उपसरपंच लेखराम साहू और अन्य ग्रामीणों ने बताया कि उनकी शिकायतों को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है। लोगों को डर है कि अगर जल्द ही सड़क की मरम्मत नहीं हुई तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

### आंदोलन की चेतावनी

सड़क की खराब स्थिति ने वाहन चालकों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। मोटरसाइकिल, ट्रैक्टर और कारें अक्सर गड्ढों में फंस जाती हैं, जिससे यात्रियों को परेशानी होती है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सड़क की मरम्मत नहीं की गई तो वे आंदोलन करने पर मजबूर होंगे।

# भाजपा महिला मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी का हुआ शानदार स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवापारा-राजिम

भाजपा महिला मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी का स्वागत अभनपुर विधायक प्रतिनिधि योगिता सिन्हा ने बुके भेंट कर किया। इस दौरान कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। महिला उत्थान के कार्यों के लिए परामर्श प्राप्त किया। गरियाबंद जिले से लौटते हुए राजिम गायत्री मंदिर परिसर में रुकी। इस अवसर पर विभा अवस्थी ने छत्तीसगढ़ राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, नपा के पूर्व अध्यक्ष रेखा सोनकर ,योगिता सिन्हा, नपा उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर, सहित महिला भाजपा मंडल की महिलाओं से पार्टी की रणनीति के संदर्भ में चर्चा की। भाजपा महिला प्रदेश अध्यक्ष ने भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओ को आगामी कार्ययोजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी।



# मूलभूत सुविधाओं के अभाव में जी रहे हैं कमार जनजाति के लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

गरियाबंद जिले के मैनपुर क्षेत्र में विशेष पिछड़ी जनजाति कमार के लोग आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। उन्हें दुर्गम पहाड़ी से नीचे बसाने के लिए तत्कालीन कलेक्टर निरंजन दास द्वारा राजाडेरा गांव बसाया गया था, लेकिन आज 9 साल बाद भी यहां के ग्रामीणों को बुनियादी सुविधाएं नहीं मिल पाई हैं। राजाडेरा की आबादी लगभग 170 है, और यहां सिर्फ कमार जनजाति के लोग रहते हैं। साल 2015-16 में उनके लिए इंदिरा आवास स्वीकृत किए गए थे, लेकिन आज तक कई आवास अधूरे हैं। ग्रामीण आज भी पुरानी झोपड़ियों में रहने को मजबूर हैं। गांव में पिछले एक महीने से सर्दी, खांसी और बुखार का प्रकोप फैला हुआ है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग का कोई भी कर्मचारी यहां नहीं पहुंचा है। गांव में लगी सोलर ऊर्जा की प्लेटें पूरी तरह खराब हो चुकी हैं, जिसके कारण ग्रामीणों को रात में अंधेरे में रहना पड़ रहा है और उन्हें लकड़ी जलाकर गुजारा करना पड़ता है। पेयजल के लिए सेंटेक्स टंकी तो लगाई गई है, लेकिन आज तक किसी घर में पानी नहीं पहुंचा है। ग्रामीण आज भी नदी-नालों का दूषित पानी पीने को मजबूर हैं।





### सड़क और राशन की भी परेशानी

ग्रामीणों को राशन लेने के लिए 10 किलोमीटर दूर कुल्हाड़ीघाट तक पैदल जाना पड़ता है। इस गांव तक जाने वाली सड़क पर एक पुल का निर्माण अधूरा पड़ा है, जिससे आवागमन और भी मुश्किल हो गया है। यहां के ग्रामीण बांस के बर्तन बनाकर अपना गुजारा करते हैं और उन्हें बेचने के लिए भी पैदल ही मैनपुर तक आना पड़ता है। गांव में स्कूल भवन भी अधूरा पड़ा है, जिसके कारण बच्चों की पढ़ाई आंगनवाड़ी केंद्र में हो रही है। इन सभी समस्याओं को देखते हुए, राजाडेरा गांव के ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है।

## महिलाओं का विशेष रूप से किया जाएगा स्वास्थ्य जांच और इलाज

# जिले में 17 से 2 अक्टूबर तक चलेगा स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

जिले में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025 तक स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान चलाया जाएगा। अभियान का उद्देश्य हर आयु वर्ग की महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराना, मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं परिवार एवं समाज में महिलाओं को सशक्त बनाना है। इसी तारतम्य में डॉ. यू एस नवरत्न, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की अध्यक्षता में आज महत्वपूर्ण वर्चुअल बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक में सभी खंड चिकित्सा अधिकारी, सेक्टर पीएचसी चिकित्सा अधिकारी, बीईटीओ एवं सुपरवाइजरों की उपस्थिति में अभियान की विस्तृत चर्चा कर संपूर्ण कार्ययोजना को अंतिम रूप देने पर गहन विचार विमर्श किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि यह अभियान गरियाबंद जिले के प्रत्येक ग्राम एवं वार्ड स्तर तक प्रभावी ढंग से संचालित किया जाएगा। इसके तहत विभिन्न गतिविधियां संचालित की जाएगी। इसके अंतर्गत एनीमिया, हीमोग्लोबिन, बीपी, शुगर, बीएमआई, सर्वाइकल कैंसर, सिकल सेल जांच, टीबी रोगियों के लिए सहायता और परामर्श, डायबिटीज एवं मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम, मेनोपॉज़ काउंसलिंग एवं परिवार नियोजन परामर्श, डेंटल, नेत्र एवं डायग्नोस्टिक सेवाएँ, ब्लड डोनेशन कैंप आदि का आयोजन किया जाएगा।



### कार्यक्रम होंगे आयोजित

इसके अलावा बस्तियों में महिलाओं का संपूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण, योगा गतिविधियाँ आयोजित कर स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने, 70 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए आयुष्मान कार्ड निर्माण की विशेष योजना, सास-बहू सम्मेलन के माध्यम से पारिवारिक स्वास्थ्य संवाद को प्रोत्साहित करने का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके साथ गांधी जयंती के अवसर पर संकल्प से सिद्धि अंतर्गत उत्कृष्ट कर्मचारियों को सम्मानित करना एवं सक्रिय महिला समूहों को पुरस्कृत किया जाएगा। इस अवसर पर बैठक में श्री गनपत कुमार नायक जिला कार्यक्रम प्रबंधक, सभी खंड चिकित्सा अधिकारी, बीईटीओ, नोडल अधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# राजिम रायपुर मेमू ट्रेन का शुभारंभ 18 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवापारा-राजिम

राजिम से रायपुर बड़े रेल्वे लाइन का संचालन 18 सितंबर सुबह 11 बजे होने जा रहा है। जो राजिम से रायपुर जाएगी। मेमू ट्रेन को हरी झंडी दिखाने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ,रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, महासमुंद सांसद रूप कुमारी चौधरी, अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू, राजिम विधायक रोहित साहू, प्रदेश भाजपा कार्यालय मंत्री अशोक बजाज, पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू मौजूद रहेंगे। यह जानकारी दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे महामंडल की सलाहकार समिति के सदस्य विजय गोयल ने दी। बताया कि हर्ष का विषय है कि बहुत दिनों बाद यह शुभ घड़ी आई है, जिसके लिए नवापारा-राजिम सहित अंचल के लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। 18 सितंबर से रेल्वे का संचालन प्रारंभ हो जाएगा। साथ ही इसी दिन से यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पूर्व की भांति रेल्वे द्वारा आरक्षण केंद्र रेलवे टिकट रिजर्वेशन काउंटर प्रारंभ होगा। श्री गोयल ने अंचलवासियो से ट्रेन शुभारम्भ के अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने आग्रह किया है।



■ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय हरी झंडी दिखाकर करेंगे रवाना

## खबर संक्षेप



### चिंगरिया में हुआ शिक्षक सम्मान समारोह

**नर्रा।** शासकीय प्राथमिक शाला चिंगरिया में शिक्षक सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रमेश पटेल कोषाध्यक्ष किसान मोर्चा महासमुंद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृष्ण लाल साहू अध्यक्ष शाला विकास समिति एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में महेंद्र तिवारी, पुरुषोत्तम साहू उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने संबोधित करते हुए कहा कि गुरु- शिष्य का संबंध भगवान और भक्त की तरह होना चाहिए। गुरु का मार्गदर्शन शिष्य के लिए जीवन की रोशनी और ज्ञान बताया। इस अवसर पर शिक्षकों को श्रीफल देकर सम्मान किया गया। इस दौरान चोवाराम सेन प्रधान पाठक, शिक्षक पुरन बघेल, मदन लाल पटेल, रेवती पटेल के अलावा स्कूली बच्चे मौजूद रहे।

### झालखम्हरिया सोसाइटी में हुआ वार्षिक सम्मेलन

**महासमुंद।** ग्रामीण सेवा सहकारी समिति झालखम्हरिया में वार्षिक सम्मेलन आयोजित हुआ। जिसमें वार्षिक आय व्यय, एग्रीस्टेक पंजीयन, ऋण वितरण, गाय पालन, मत्स्य पालन, ट्रैक्टर ऋण योजना की जानकारी दी गई। इस अवसर पर अध्यक्ष श्याम साकरकर, किशन साहू, गौतम चंद्राकर, महेंद्र चंद्राकर, हरीश चंद्राकर, कौशल ध्रुव, कार्तिक साहू, चंदन साहू, परमेश्वर साहू, हेमकुमार, उत्तमकुमार साहू, टेकराम साहू, भोजराज साहू प्रबंधक, दुवन चंद्राकर, काशीराम यादव, युवराज साहू, नरेन्द्र सेन, राकेश साहू, यशवंत चंद्राकर, भेखराम, टेकराम यादव, दिनेश निषाद, भुवनेश्वर ध्रुव, महेंद्र चंद्राकर, चैनसिंग चंद्राकर, चंद्रभान चंद्राकर आदि उपस्थित रहे।

### मिडिल स्कूल मोहगांव में मनाया शिक्षक दिवस

**महासमुंद।** देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. राधाकृष्णन के जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मोहगांव (बागबाहरा) में उत्साह पूर्वक मनाया गया। आए अतिथियों ने छात्रों को अनुशासन, आज्ञापालन, कर्तव्य निष्ठा, सहयोग, राष्ट्रप्रेम, आदि गुण अपने शिक्षकों से सीखने प्रेरित किया। उपस्थित शिक्षकों का श्रीफल, पेन भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक पुरुषोत्तम डडसेना, मनोज साहू, रामप्रसाद दीवान, सीआर निषाद, प्रबंधन समिति से चेतन साहू, देवनाथ साहू, उदय साहू, कोमलचंद, घनश्याम सेन आदि मौजूद रहे।

### राष्ट्रभाषा स्वाभिमान काव्य गोष्ठी कल

**महासमुंद।** साहित्य समिति आस्था के संयोजन में राष्ट्रभाषा स्वाभिमान काव्य गोष्ठी का आयोजन हिंदी दिवस पर 14 सितंबर को त्रिमूर्ति कॉलोनी स्थित जीवन सदन में किया गया है। अपरान्ह 3 बजे प्रारंभ होने वाले इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाज सेवी दाऊलाल चंद्राकर होंगे। पूर्व उप संचालक, शिक्षा संभाग रायपुर सौरिन चंद्रसेन सभाध्यक्षता करेंगी। गोष्ठी में आमंत्रित कविगण राष्ट्रभाषा हिंदी के सम्मान में रचनाएं पढ़ेंगे। समिति ने इस अवसर पर समस्त राष्ट्रभाषा प्रेमियों से उपस्थिति प्रदान करने का अनुरोध किया है। यह जानकारी समिति के अध्यक्ष आनंद तिवारी पौराणिक ने दी है।

### भाजपा अजा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष का आगमन कल

**महासमुंद।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष प्रियरंजन कोसरिया के नेतृत्व तत्वावधान में भाजपा जिला अध्यक्ष येतराम साहू की उपस्थिति में गुरुवार को भाजपा जिला कार्यालय में 14 सितंबर को अनुसूचित जाति मोर्चा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ सनम जांगड़े के महासमुंद प्रथम आगमन पर स्वागत को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में ग्रामीण मंडल अध्यक्ष दिग्विजय साहू, अनुसूचित जाति मोर्चा जिला उपाध्यक्ष कीर्ति बघेल, जिला महामंत्री उत्तरा प्रहरे, जिला मंत्री मेघराज चंद्रसेन, अनुसूचित जाति मोर्चा शहर अध्यक्ष सोनाधार सोनवानी, देवेंद्र राय, झलप ग्रामीण मंडल अध्यक्ष देवेंद्र टुंडेकर, महेश जोशी खट्टी आदि मौजूद रहे।

**किसानों ने कहा-** 15 सालो से नहीं हुआ अमेठी, साजापाली, आमानाला में कोई काम

# जल संसाधन विभाग पर फिर लगे भ्रष्टाचार के आरोप, बिना मरम्मत किए लाखों का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

गरियाबंद जिले के जल संसाधन विभाग में भ्रष्टाचार का एक और नया मामला सामने आया है। विभाग पर आरोप है कि उसने फिंगेश्वर शाखा वितरक नहर के तहत आने वाले गांवों में बिना कोई मरम्मत कार्य कराए ही ठेकेदारों को लाखों का भुगतान कर दिया। यह मामला 2022-23 का है, जिसमें दो अलग-अलग फर्मों को कुल 5 लाख रुपये का भुगतान किया गया। सूचना के अधिकार से मिले दस्तावेजों के आधार पर यह खुलासा हुआ है। आरोप है कि अमेठी, साजापाली, आमानाला और अन्य गांवों में नहरों और माइनरों की मरम्मत का काम सिर्फ कागजों पर किया गया। दस्तावेजों में बताया गया है कि मरम्मत के लिए बोरियों का इस्तेमाल किया गया, जबकि ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने खुद अपनी सिंचाई व्यवस्था के लिए चंदा इकट्ठा करके नहरों को ठीक किया था। किसान बांकेलाल यादव ने बताया कि वे गांव में मुनादी कराकर हर घर से सिंचाई के लिए 100 से 150 रुपये तक चंदा लेते हैं और उसी राशि से मरम्मत का काम कराते हैं।





#### जांच की जाएगी

इस संबंध में जिला कलेक्टर बीएस उईके ने कहा है कि यह मामला उनके संज्ञान में आया है और इसकी भी जांच कराई जाएगी।

#### दो ठेकेदारों को हुआ भुगतान

**आमानाला:** यहां 51 जगह टूटने और 24 गड्ढों को बोरियों से भरने का काम दिखाया गया है। यह काम महामाया एंड्रक्सन, रायपुर नामक ठेकेदार ने किया। **साजापाली:** यहां 33 जगह टूटने और 31 जगह बोरियों से भरने का काम दिखाया गया। इसके लिए ध्रुव इंटरप्राइजेस, जांजगीर-चांपा को भुगतान किया गया। किसानों का कहना है कि नहरों की स्थिति आज भी खराब है और कोई मरम्मत नहीं हुई है।

#### किसानों ने की सख्त कार्रवाई की मांग

यह कोई पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी रोबा के किसान यादराम साहू ने इसी तरह के भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए शिकायत की थी, जिसकी जांच के लिए जिला कलेक्टर ने एक समिति गठित की है।किसानों ने इस नए मामले की भी उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। उनका कहना है कि यह अधिकारियों का दुस्साहस है कि वे बिना काम किए ही सरकारी पैसों की बंदरबांट कर रहे हैं।

## छात्राओं को मिल रहा निःशुल्क साइकिल वितरण का लाभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं में निःशुल्क सरस्वती सायकल वितरण योजनांतर्गत बालिकाओं को निःशुल्क सायकल वितरण किया जा रहा है। इस योजनांतर्गत राज्य के सभी सरकारी स्कूलों में योजना का लाभ माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अध्ययनरत बालिकाओं को मिल रहा है।

योजना का लाभ पहुंचाने निरंतर जिले के विभिन्न स्कूलों में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर निःशुल्क सायकल प्रदाय किया जा रहा है। इसी कड़ी में बागबाहरा विकासखंड के ग्राम पंचायत बकमा के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बालिकाओं को निःशुल्क सरस्वती सायकल वितरण योजनांतर्गत सायकल वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपाध्यक्ष जिला पंचायत महासमुंद भीखम सिंह ठाकुर, विशिष्ट अतिथि के रूप में मधुलिका चंद्राकर सभापति महिला एवं बाल विकास जनपद पंचायत बागबाहरा, लिलेश्वर बल्ला साहू सरपंच ग्राम पंचायत बकमा, उपसरपंच कमलनारायण साहू, चंद्रशेखर ध्रुव अध्यक्ष सहकारी समिति घुंचापाली, ज्ञानचंद चक्रधारी अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, हरकराम साहू, शक्तिकेंद्र संयोजक अशोक चक्रधारी, संजू साहू, भुनेश्वर पटेल, शिक्षकगण, प्राचार्य कुश कुमार साहू, पीतांबर सेन, कौशल्या ठाकुर सहित गिरीश चक्रधारी, अजय ध्रुव, ओमप्रकाश ध्रुव, बहुर देशकर उपस्थित रहे।

# सशिमं के प्रतिभागियों ने प्रांतीय प्रतियोगिता में लहराया परचम

### खो-खो के प्रतिभागियों का क्षेत्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा आयोजित प्रांत स्तरीय तरुण एवं बाल वर्ग खो-खो की प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। सशिमं बागबाहरा खो-खो के प्रतिभागी विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा आयोजित क्षेत्र स्तर (छत्तीसगढ़, मध्यभारत, महाकोशल एवं मालवा) की प्रतियोगिता 13 एवं 16 सितंबर 2024 को चांपा (छत्तीसगढ़) में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ प्रांत का नेतृत्व करेंगे।



विदित रहे, उक्त सामूहिक खेलकूद समारोह का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। भारत शासन द्वारा आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु मंदिर के प्रतिभागियों को एक राज्य के रूप में सम्मिलित किया जाता है। प्रांत स्तर की प्रतियोगिता में संरक्षक के रूप में चंद्रशेखर साहू, नीलिमा रामटेके तथा कोच के रूप में सोमनाथ ध्रुव एवं प्रकाश बरिहा साथ रहे। छत्तीसगढ़ प्रांत स्तर की सामूहिक खेलकूद (खो-खो) प्रतियोगिता 10 सितंबर से 12 सितंबर तक सरस्वती शिशु मंदिर चांपा में आयोजित थी, जिसमें सशिमं बागबाहरा के तरुण वर्ग के प्रतिभागी फाइनल प्रतियोगिता में बिलासपुर विभाग के प्रतिभागियों को पराजित कर शानदार प्रदर्शन करते हुए तरुण वर्ग की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए। वहीं बाल वर्ग के प्रतिभागियों ने रायपुर विभाग को पराजित कर शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ प्रांत का नेतृत्व करने के लिए चयनित होकर बागबाहरा नगर एवं पूरे छत्तीसगढ़ प्रांत को गौरवान्वित किया। प्रांतीय प्रतियोगिता में चयनित होकर क्षेत्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ प्रांत का तरूण वर्ग की खो-खो प्रतियोगिता में नेतृत्व करने के लिए सरस्वती शिक्षा संस्थान के संगठन मंत्री डॉ. देवनारायण साहू, अध्यक्ष रामभरोसा सोनी, प्रादेशिक सचिव लक्ष्मणराव मगर, प्रांतीय खेल प्रमुख दिवाकर स्वर्णकार, रायपुर एवं राजिम विभाग समन्वयक मानिकलाल साहू, सागरचंद अग्रवाल स्मृति शिक्षा समिति की उपाध्यक्ष श्रद्धा चंद्राकर, कोषाध्यक्ष रामजी तिवारी, सचिव एवं विद्यालय के व्यवस्थापक राहुल अग्रवाल, सहसचिव जोगेन्द्र सिंह, सदस्य लालचंद जैन आदि ने हर्ष जताया है।

# महाविद्यालय में छत्तीसगढ़ के सुनहरे भविष्य की संभावनाओं पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राजत महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के 25 वर्षों का विकास और भविष्य की संभावनाएं विषय पर एक विस्तृत परिचर्चा का आयोजन हुआ। जिसमें राज्य के विकास पथ, उपलब्धियाँ और आने वाले वर्षों की चुनौतियों पर गहन विचार-विमर्श हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ओमप्रकाश चौधरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ ने पिछले 25 वर्षों में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग, ऊर्जा, पर्यटन, डिजिटल कनेक्टिविटी और महिला सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में अद्भुत प्रगति की है। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ की आत्मा हमारे गाँवों में बसती है। यदि ग्रामीण विकास, युवाओं का कौशल संवर्धन और आधुनिक तकनीक का समुचित उपयोग हो तो 2047 तक छत्तीसगढ़ निश्चित रूप से विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल होगा। उन्होंने राज्य के भौगोलिक, सांस्कृतिक और आर्थिक संसाधनों को सही दिशा में उपयोग करने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष चंद्रकुमार पटेल ने की। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की तरक्की में शिक्षा संस्थानों, विद्यार्थियों और सामाजिक संगठनों की सक्रिय भागीदारी हीराज्य को नई ऊंचाइयों तक पहुँचाएगी।



विशिष्ट अतिथियों में शामिल, धनेश नायक, विपिन उबोवेजा, जिला पंचायत सदस्य कुमारी भास्कर, पूर्व विधायक रामलाल चौहान, डॉ. प्रकाशचंद्र पटेल, रविंद्र पंडा, रश्मि पांडा सहित अन्य गणमान्य नागरिकों ने भी अपने विचार रखे। सभी ने राज्य की कृषि नीतियों, औद्योगिक विकास, पर्यटन संभावनाओं, महिला और युवा सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि आने वाले वर्षों में छत्तीसगढ़ की विकास गाथा और भी उज्ज्वल होगी। परिचर्चा में महाविद्यालय के प्राचार्य, संकाय सदस्य, छात्र-छात्राएं भी शामिल रहे। पत्रकारों और स्वैच्छिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भी शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण जैसे मुद्दों पर सुझाव दिए। छात्र-छात्राओं ने डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, हरित ऊर्जा और रोजगार सृजन जैसे विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए।

परिचर्चा के अंत में प्राचार्य द्वारा निष्कर्ष निकाला गया कि कृषि और उद्योग का संतुलित विकास ही ग्रामीण और शहरी अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाएगा। शिक्षा, स्वास्थ्य और डिजिटल कनेक्टिविटी पर विशेष ध्यान देना होगा। म हि ला सशक्तिकरण और युवा कौशल विकास छत्तीसगढ़ की प्रगति के प्रमुख स्तंभ होंगे। पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास की नीतियां भविष्य के लिए अनिवार्य हैं। छत्तीसगढ़ के रजत महोत्सव में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रखर अग्रवाल, राजेंद्र नायक, प्रमोद सागर, मुरली नायक, धनेश्वर भास्कर, मनोज दास और जनभागीदारी समिति के सांसद प्रतिनिधि अविनाश सिंह आदि उपस्थित रहे। परिचर्चा का संयुक्त संचालन हेमलता पटेल और खीरसागर पटेल एवं आभार प्रदर्शन सहायक प्राध्यापक राजकिशोर पटेल ने किया। इस अवसर पर जनभागीदारी समिति के सदस्यगण, पालकगण, महाविद्यालय के अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं अधिक संख्या में उपस्थित रहे।

# कृतज्ञ शिक्षक ही कृतज्ञ विद्यार्थी बनाता है: गेंदलाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मानवीय शिक्षा शोध केंद्र तेंदूवाही के संचालक शिक्षक गेंदलाल कोकड़िया ने मानवीय शिक्षा शोध केंद्र अछोटी में आयोजित चेतना विकास मूल्य शिक्षा शिविर के समापन सत्र को संबोधित करते हुए कृतज्ञता मूल्य पर अपने विचार रखते हुए बताया कि कृतज्ञता का अर्थ जिस किसी ने भी मेरी श्रेष्ठता के लिए, मेरे श्रेष्ठ होने के लिए किसी भी प्रकार का सहयोग किया है। उनके प्रति भाव, समर्पण, स्वीकृति व सम्मान का भाव होना है। मुख्यतया माता-पिता और गुरु तो हमें श्रेष्ठ बनाने में सहयोग करते ही हैं। लेकिन, इसके अलावा संसार के हर व्यक्ति से भी हमें प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष सहयोग मिलता ही है। जैसे किसी ने मोबाइल



बनाया। किसी ने काफी, किसी ने कार, किसी ने इंटरनेट, किसी ने रेल, ऐसे धरती के समस्त मानव का योगदान, धरती के समस्त मानव के लिए होता ही है। यह बात स्मरण रहने पर हम सपने में भी किसी भी व्यक्ति के प्रति गलत नहीं सोच सकते, किसी के साथ गलत नहीं कर सकते, किसी का अहित नहीं कर सकते, कृतज्ञ विद्यार्थी ही धरती माता का भाग्य विधाता है। धरती, हवा, मिट्टी, पानी, पेड़-पौधों, पशु-पक्षियों, मानव को स्वस्थ, सुरक्षित, संवर्धित करता है। शिविर का संचालन अनिता शाह, संचालिका अभिभावक विद्यालय रायपुर ने करते हुए कृतज्ञता व्यक्त करते हुए ए नागराज प्रणेता चेतना विकास मूल्य शिक्षा और अंजनि अग्रवाल के प्रति व्यक्त कर जीवन विद्या से ही कृतज्ञता मूल्य का प्रसव बताया। अंतरराष्ट्रीय मानव वैज्ञानिक डाक्टर संकेत ठाकुर ने युद्ध का कारण, रुस यूक्रेन, ईरान, इजराइल व सभी लड़ाई का कारण कृतघ्न होना ही बताया। मानव इंजीनियर चंद्रशेखर राठौर व मीनाक्षी राठौड़ ने अभिभावक विद्यालय अछोटी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त कर श्रेष्ठता का सम्मान कृतज्ञता के भाव होने से ही बताया।

# नपाध्यक्ष ने ज्वाइंट डायरेक्टर से मुलाकात कर शहर विकास के लिए मांगा सहयोग

**महासमुंद।** नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी तथा अन्य विभागीय अधिकारियों के साथ ज्वाइंट डायरेक्टर नगरीय प्रशासन विभाग से सौजन्य भेंट कर उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट किया। नपाध्यक्ष साहू ने संयुक्त संचालक का शहर के विभिन्न आवश्यकताओं की ओर ध्यानाकृष्ट कराया। साथ ही नगर विकास से संबंधित कार्यों का प्रस्ताव भी उन्हें प्रेषित किया। साहू ने बताया कि नगर के अनेक ऐसे कार्य हैं, जो बजट के अभाव में लगातार आगे बढ़ता जा रहा है। जिसमें से मुख्य रूप से नए बस स्टैंड, केनाल लिंक रोड, शहर के तालाबों का सौंदर्यीकरण सहित दर्जनों कार्यों के लिए फंड जारी करने में सहयोग की मांग नपाध्यक्ष ने उनसे की। साहू ने शहर के विभिन्न मार्गों की जर्जर



स्थिति से भी अवगत कराते हुए विशेष रूप से राशि उपलब्ध कराने की मांग रखी। मुलाकात के दौरान सीएमओ अशोक सलामे, उप अभियंता दिलीप कश्यप, जल विभाग प्रभारी दुर्गेश कुंजेकर, गुमान सिंह ठाकुर आदि उपस्थित थे।

**शाउमावि झलप में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन**

# शिष्य और गुरु का संबंध भक्त और भगवान का होना चाहिए : योगेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झलप में पिछले दिनों में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा और विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक डॉ.विमल चोपड़ा रहे। मंच में अतिथियों द्वारा सरस्वती मां भारत माता डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्ण के छायाचित्र में पूजा अर्जना माल्यार्पण कर कार्यक्रम का गणेश किया गया। मंच में विराजमान सभी अतिथियों का बारी बारी से शिक्षकों द्वारा पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि योगेश्वर राजू सिन्हा ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्कूल एक मंदिर है। शिक्षक उस मंदिर का भगवान है। शिष्य और गुरु का संबंध भक्त और भगवान का होना चाहिए। गुरु का आशीर्वाद जिसे मिल गया, वो



अपने जीवन में सफल हो जाता है और शिक्षक को कुम्हार के सामान होता है। मिट्टी से घड़ा, दीया या देवी देवताओं की मूर्ति, अनेक प्रकार का निर्माण कुम्हार करता है, वैसे ही शिक्षक अपने ज्ञान से बच्चों के रूचि अनुसार डाक्टर, आईएस, आईपीएस, इंजीनियर, सफल कृषक, अच्छा खिलाडी बनाने की क्षमता प्रदान सिर्फ गुरु ही कर सकता है। देश के प्रधानमंत्री मोदी आप सभी छात्र-छात्राओं पर विश्वास करते है। यह आगे चलकर अपने क्षेत्र में उच्चतम स्थान हासिल कर भारत को विश्व गुरु बनाने में अपना पूरा जोर लगा देंगे, मुझे भी विश्वास है कि झलप स्कूल के विद्यार्थी अपना विशेष योगदान देंगे।विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला झलप के लिए साइकिल स्टैंड, शौचालय एवं संस्कृतिक कार्यक्रम के लिए रंग मंच निर्माण की घोषणा की गई। पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा, निर्भय नायक अध्यक्ष जनभागीदारी समिति हायर सेकंडरी स्कूल झलप एवं विधायक प्रतिनिधि शम्मी सलूजा ने भी अपने विचार रखे। सभी शिक्षकों का सम्मान पुष्प गुच्छ भेंट कर बैच लगाकर किया। प्रशस्ति पत्र, पेन, डायरी, मोमेंटो भेंटकर विधायक द्वारा सम्मानित किया गया। पुरानिक राम साहू (भृत्य) को सेवानिवृत्त होने पर शाल, श्रीफल एवं प्रतिक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में शाला के सभी स्टाफ एवं सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंतिम में संस्था प्राचार्य विजय लक्ष्मी सिदार द्वारा आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शिक्षक पीआर पटेल, तारा ध्रुव प्रधान पाठक मिडिल स्कूल, पीआर वर्मा, जीएल पटेल, जीआर पटेल एवं अन्य स्टाफ मौजूद थे। इस कार्यक्रम में झलप क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधि और भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# धामनतोरी में कबड्डी का हुआ समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

खल्लारी क्षेत्र के कांग्रेसी नेता अंकित बागबाहरा कबड्डी प्रतियोगिता में शामिल हुए। उद्बोधन में अंकित ने बताया कि कबड्डी का इतिहास 4 हजार साल पुराना है, और जब से प्रो कबड्डी शुरू हुई है, तब से कबड्डी में प्रत्येक अच्छे खिलाड़ी का भविष्य उज्ज्वल है। अंतिम प्रो कबड्डी में एक खिलाड़ी की बोली लगभग ढाई करोड़ की भी लगी थी। अंकित ने समस्त खिलाड़ियों से निवेदन किया कि खेल भावना से खेलते हुए अपने ग्राम, ब्लॉक, जिला का नाम रौशन करें। अंकित ने बताया कि विगत लगभग 30–35 सालों से इस ग्राम में कबड्डी का सफल आयोजन हो रहा है। इस प्रतियोगिता में इस बार लगभग 50 टीमों ने हिस्सा लिया। जिसमें प्रथम बैगा दल बंसुलाडबरी, द्वितीय सुमन क्लब धामनतोरी रही।

## खबर संक्षेप




### जिले को मिली बड़ी सौगात, तीन सड़कों के सुदृढ़ीकरण को मंजूरी

**पाण्डुका।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत गरियाबंद जिले की तीन महत्वपूर्ण सड़कों के सुदृढ़ीकरण कार्य को वित्त विभाग से प्रशासकीय स्वीकृति मिल गई है। इससे जिले के ग्रामीण अंचलों में विकास की राह और मजबूत होगी। मंजूरी मिलने वाले मार्गों में पारागांव से पेंड्रा (10.27 किमी), पीपरछेड़ी से चिंगारमल (9.30 किमी) और 09 टी 02 से बेगारपाला (13.30 किमी) सड़क शामिल हैं। इन सड़कों के सुदृढ़ीकरण से ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को आवाजाही, व्यापार और अन्य गतिविधियों में सहूलियत मिलेगी। भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य वीरेंद्र साहू ने इस स्वीकृति के लिए जिलेवासियों की ओर से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, सांसद रूप कुमारी चौधरी और राजिम विधायक रोहित साहू का विशेष आभार जताया है। विशेषकर वित्त मंत्री ओपी चौधरी की सराहना करते हुए कहा कि यह मंजूरी प्रदेश सरकार की विकासोन्मुखी सोच और जनता के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है। इन सड़कों के निर्माण से न केवल आवागमन सरल होगा, बल्कि आर्थिक गतिविधियों और शिक्षा-स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच भी बेहतर होगी।

### छात्र नेता ने की अजीम प्रेमजी स्कालरशिप योजना की सराहना

**राजिम।** छात्र नेता डायमंड साहू ने सीएम विष्णुदेव साय की सराहना करते हुए कहा कि सरकार ने अजीम प्रेमजी स्कॉलरशिप योजना 2025 की शुरूआत की जिसका



उद्देश्य राज्य के जरूरतमंद छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में मदद करना है। इस योजना के अंतर्गत प्रदेश के सरकारी स्कूलों से 10वीं और 12वीं पास करने वाली नियमित छात्राएँ पात्र होंगी। जो छात्राएँ शैक्षणिक सत्र 2025-26 में स्नातक प्रथम वर्ष या डिप्लोमा पाठ्यक्रम में किसी मान्यता प्राप्त संस्थान में प्रवेश लेंगी, उन्हें दो किस्तों में 15 हजार रुपए, वार्षिक 30,000 रुपए की छात्रवृत्ति सहायता दी जाएगी। डायमंड साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ संकल्प को यह स्कॉलरशिप आगे बढ़ाएगी। इसके माध्यम से शासकीय विद्यालयों में पढ़ने वाली निम्न आय वर्ग की छात्राओं को मदद मिलेगी।

### निधन

#### लोकनाथ साहू

**मैनपुर।** मैनपुर क्षेत्र के प्रतिष्ठित नागरिक हरदीभाठा निवासी



लोकनाथ साहू उम्र लगभग 90 वर्ष का 11 सितंबर को निधन हो गया। ज्ञात हो कि लोकनाथ साहू विकास एंटरप्राइजेज के संचालक महेंद्र साहू एवं भाजपा महामंत्री दिलीप साहू एवं देवेंद्र साहू के पिता थे।

---

**महाभियान :** एनसीसी और मिशन लाइफ क्लब की पहल से जनसमूह तक पहुंचेगा पौधारोपण का आह्वान

# छात्रों ने बनाए एक लाख सीडबॉल विद्यालय परिसर में लगाई प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजिम

पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए शासकीय पं. रामबिशाल पाण्डेय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, राजिम के शिक्षकों और छात्रों ने मिलकर एक अनोखा सीडबॉल महाभियान चलाया। इस अभियान के तहत, छात्रों ने विभिन्न प्रकार के बीजों से लगभग एक लाख सीडबॉल तैयार किए, जिन्हें एक आकर्षक प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया गया। यह महाभियान एनसीसी अधिकारी और इको क्लब के जिला डीआरजी सागर शर्मा और मिशन लाइफ क्लब की प्रभारी व्याख्याता समीक्षा गायकवाड़ के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। इसका उद्देश्य बच्चों और समाज में पौधा रोपण को व्यक्तिगत जिम्मेदारी के रूप में बढ़ावा देना है। ये सीडबॉल विभिन्न पेड़ों, जैसे इमली, नीम, बबूल, आम और अमरूद के बीजों से बनाए गए थे। इन तैयार सीडबॉल्स को लोगों में वितरित कर पर्यावरण जागरूकता का संदेश फैलाया जाएगा।




#### अतिथियों ने की सराहना

प्रदर्शनी कार्यक्रम में आए अतिथियों ने छात्रों और शिक्षकों के इस प्रयास की जमकर सराहना की। शाला विकास समिति की अध्यक्ष सुजाता शर्मा ने कहा कि यह अभियान आने वाली पीढ़ियों के लिए हरियाली की धरोहर बनेगा। राष्ट्रीय आईटी सेल प्रभारी विवेक शर्मा ने इसे बच्चों को व्यावहारिक शिक्षा देने वाला कदम बताया, जबकि विधायक प्रतिनिधि खुशी साहू ने कहा कि यह छात्रों को जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करेगा। विद्यालय के प्राचार्य संजय एक्का ने इस प्रयास को अनुकरणीय बताते हुए शिक्षकों और छात्रों की प्रशंसा की। प्रदर्शनी में आसपास के अन्य स्कूलों के छात्रों ने भी भाग लिया और सीडबॉल बनाने की प्रक्रिया सीखी।

#### भविष्य की योजना

प्रदर्शनी के बाद, इन सीडबॉल्स को जिले के अन्य विद्यालयों और संस्थानों में भी वितरित किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक लोग वृक्षारोपण से जुड़ सकें। इस अभियान में एनसीसी कैडेट्स, इको क्लब और साइंस क्लब के छात्रों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

---

## प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी का गोहरापदर में जोरदार स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर

भाजपा महिला मोर्चा की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी का मैनपुर क्षेत्र में जोरदार स्वागत किया गया। प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद अपने गृह जिले के पहले दौरे पर गोहरापदर पहुंचने पर जिला उपाध्यक्ष गुरुनारायण तिवारी के नेतृत्व में महिला मोर्चा और भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाएँ और आतिशबाजी कर इस बड़ी जिम्मेदारी मिलने पर खुशी जाहिर की। अपने स्वागत के लिए आभार व्यक्त करते हुए विभा अवस्थी ने कहा कि भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है, और यह पार्टी ही एक सामान्य कार्यकर्ता को उसकी कार्यक्षमता और कार्यकुशलता के आधार पर इतनी बड़ी जिम्मेदारी देती है। उन्होंने शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद करते हुए कहा कि वे सभी के सहयोग से नारी शक्ति को एकजुट करेंगी और प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सुशासन को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने का काम करेंगी। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष गुरुनारायण तिवारी ने कहा कि विभा अवस्थी को प्रदेश की जिम्मेदारी मिलना पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि प्रदेश नेतृत्व ने एक तेजतर्रार और कार्यकुशल नेत्री को यह जिम्मेदारी दी है, जिसके लिए वे पूरे गरियाबंद जिले के कार्यकर्ताओं की ओर से प्रदेश संगठन का आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि विभा अवस्थी के नेतृत्व में नारी शक्ति और भी मजबूत होगी। स्वागत कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा नेता जयराम साहू, सुशील यादव, मोहित यादव, तानसिंह मांझी, कीर्तनराम यादव, संजुक्ता दास, प्रमिला साहू, ललिता सोमवंशी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---

## कुलेश्वर महादेव कॉलेज में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की छात्रवृत्ति पर हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नवापारा-राजिम

श्री कुलेश्वर महादेव शासकीय महाविद्यालय में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा स्नातक की छात्राओं के लिए एक छात्रवृत्ति सूचना एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करना और छात्रवृत्ति योजनाओं की जानकारी देना था। फाउंडेशन के प्रतिनिधि तरुण ने बताया कि यह छात्रवृत्ति उन विद्यार्थियों के लिए है जिन्होंने 10वीं और 12वीं की पढ़ाई सरकारी स्कूलों से की है और उच्च शिक्षा हासिल करना चाहते हैं। उनका कहना था कि फाउंडेशन का लक्ष्य केवल आर्थिक मदद देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना है ताकि वे समाज में सकारात्मक योगदान दे सकें। योग्यता 10वीं और 12वीं सरकारी स्कूल से पास होना आवश्यक। तरुण ने आवेदन करने की पूरी प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज़, और चयन विधि की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चुने गए विद्यार्थियों को केवल वित्तीय सहायता ही नहीं मिलेगी, बल्कि उन्हें कौशल विकास और शैक्षणिक कार्यशालाओं में भी भाग लेने का मौका मिलेगा। छात्राओं ने इस योजना में गहरी रुचि दिखाई और अपने सवाल पूछे, जिनका तरुण ने विस्तार से जवाब दिया।



#### उच्च शिक्षा के लिए महत्वपूर्ण पहल

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मधुरानी शुक्ला ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि अजीम प्रेमजी फाउंडेशन जैसी संस्थाएं ग्रामीण और वंचित वर्ग के विद्यार्थियों को आर्थिक कठिनाइयों के कारण उच्च शिक्षा से वंचित होने से बचाती हैं। उन्होंने छात्राओं से इस अवसर का पूरा लाभ उठाने का आग्रह किया। कार्यक्रम का समापन प्रमेंद्र उपाध्याय के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए बेहद उपयोगी होते हैं, क्योंकि ये उन्हें सही दिशा और अवसर प्रदान करते हैं।

---

## 40 हजार का गांजा जब्त, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

परकोल चौक बंसुला के पास वाहन चेकिंग के दौरान एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स और बसना पुलिस ने दो लोगों के कब्जे से 40 हजार रुपए का ढाई किलो गांजा जब्त किया है। मामले में आरोपियों के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। मामले को लेकर बताया गया कि 12 सितंबर को परसकोल चौक बंसुला में वाहन चेकिंग के दौरान मोटर सायकल क्रमांक सीजी 07 सीएच 5763 में दो व्यक्ति सवार होकर आये, जिनसे पूछताछ की गई। वे अपने पास एक थैला रखे हुए, जिसके बारे में पूछने पर गांजा होना बताए। वहीं संदेहियों ने अपने नामवागेश उर्फ आकाश पेंडरिया पिता कमलेश पेंडरिया (23) वार्ड नं 02 पाटन जिला दुर्ग तथा मोटर सायकल के पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम आकाश नेताम पिता प्रदीप नेताम (20) सिकोला थाना पाटन जिला दुर्ग बताया। आरोपियों के कब्जे से मादक पदार्थ गांजा 2.50 किलो कीमत 40,000 रुपए, बाइक, मोबाइल, नगद रकम 500 रुपए को जब्त किया गया।

---

## कचना धुरवा महाविद्यालय में रजत महोत्सव धूमधाम से मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छुरा

छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के 25 साल पूरे होने पर शासकीय कचना धुरवा महाविद्यालय छुरा में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में राज्य की उपलब्धियों और भविष्य की संभावनाओं पर जोर दिया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि, जनपद पंचायत छुरा की अध्यक्ष मीरा ठाकुर ने पिछले 25 वर्षों में शिक्षा, कृषि, संस्कृति और उद्योग के क्षेत्र में राज्य की प्रगति की सराहना की। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में युवा और महिलाएं राज्य को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। वहीं, नगर पंचायत छुरा की अध्यक्ष लुकेश्वरी निषाद ने छत्तीसगढ़ की ग्रामीण संस्कृति और सामाजिक एकजुटता को राज्य की असली ताकत बताया। पार्षद भोलेशंकर जायसवाल ने भी राज्य की विविधता और विकास यात्रा पर बात करते हुए भविष्य को उज्ज्वल बताया। मुख्य वक्ता डॉ. सत्यम कुम्भकार ने छत्तीसगढ़ रजत महोत्सवः उपलब्धियां और चुनौतियां विषय पर प्रेरक व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि रजत जयंती सिर्फ एक उत्सव नहीं है, बल्कि यह आने वाले 25 सालों की दिशा तय करने का भी समय है। महाविद्यालय के प्राचार्य सीएच पटेल ने बताया कि कैसे 2000 में कम संसाधनों से शुरू हुए इस राज्य ने शिक्षा, स्वास्थ्य और संस्कृति के क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बनाई है।



#### सांस्कृतिक कार्यक्रम और एल्युमिनी का योगदान

कार्यक्रम में छात्रों के लिए एक क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छत्तीसगढ़ की संस्कृति और विकास यात्रा से जुड़े सवाल पूछे गए। छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत नाटक ने भी दर्शकों का मन मोह लिया, जिसने राज्य की परंपराओं और भविष्य की चुनौतियों को जीवंत किया। इस मौके पर महाविद्यालय के पूर्व छात्रों ने भी अपने अनुभव साझा किए और अपनी पुरानी यादों को ताजा किया। इस सफल आयोजन में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों और समाजसेवी शीतल ध्रुव का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन सहायक प्राध्यापक डीआर साहू ने किया।

---

## श्रेया ने रचा इतिहास, भारोत्तोलन में बनी स्टेट चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नवापारा-राजिम

पाटन में 25 वां राज्यस्तरीय शाला में भारोत्तोलन प्रतियोगिता में अंडर-19 में 86 किलोग्राम भार वर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर छोटे से गांव की रहने वाली श्रेया साहू ने इतिहास रचा। यह छात्रा मानिकचौरी की है उनकी माता हेमलता साहू ग्राम की सरपंच ,पिता अवध साहू शासकीय शिक्षक है। आमतौर पर ग्राम के बच्चे व लोग भारोत्तोलन खेल से अंजान होते है ऐसे खेल में गोल्ड मेडल जीतकर श्रेया ने अपना लोहा मनवाई। श्रेया साहू ने बताया कि भारोत्तोलन प्रशिक्षण की सुविधा अपने ग्राम के आसपास नहीं होने के कारण हाई स्कूल परीक्षा सेजेस अभनपुर से उत्तीर्ण होने के बाद रायपुर में प्रशिक्षण की सुविधा होने के कारण कक्षा ग्यारहवीं मायाराम सुरजन शासकीय हायर सेकेंडरी रायपुर में एडमिशन ली और पढ़ाई के साथ जय सतनाम व्यायाम शाला गुढ़ियारी रायपुर में भारोत्तोलन की प्रशिक्षण अंतर्राष्ट्रीय भारोत्तोलक एवं कोच रुस्तम सारंग व अजयदीप सारंग के मार्गदर्शन में ली और पिछले वर्ष ही पहले ही प्रयास में राज्य स्तरीय शालेय भारोत्तोलन प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त की। द्वितीय स्थान आने पर निराश नहीं होकर अपनी तैयारी करती रही व पिछले दिनों पाटन में आयोजित राज्य स्तरीय शालेय भारोत्तोलन प्रतियोगिता के अंदर-19 में 86 किलोग्राम भार वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल जीती। श्रेया, संभाजी नगर महाराष्ट्र में दिसंबर माह में आयोजित होने वाली नेशनल स्तरीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेगी.श्रेया साहू का कहना है कि मैं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारोत्तोलन प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व करते हुए ओलंपिक जैसे प्रतियोगिता में देश के लिए गोल्ड मेडल जीतना चाहती हूं। उनके द्वारा गोल्ड मेडल जीतने पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू,अभनपुर विधायक इन्द्रकुमार साहू, प्रदेश भाजपा कार्यालय मंत्री अशोक बजाज, नवापारा पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी साहू, सरपच संघ जिलाध्यक्ष मुकेश ढीढी, पूर्व सरपंच बुद्धेश्वर साहू ने बधाई दी है।




---



## कांग्रेस कमेटी और मंडल सेक्टर विस्तार पर की चर्चा

**अभनपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार अभियान संगठन सृजन के तहत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का गठन एवं मंडल व सेक्टर कमेटी का विस्तार के संबंध मे सदभावना कुटी अभनपुर मे आवश्यक बैठक संपन्न हुई जिसमे पूर्व विधायक धनेन्द्र साहू एवं पयर्ववेक्षक आनंद पवार की उपस्थिती मे ब्लाक कांग्रेस कमेटी का गठन व विस्तार संगठन की मजबूती,बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओ की सक्रिया भागीदारी तथा अगामी कार्यक्रमो की रणनीति पर विस्तृत चर्चा की गई उक्त बैठक मे प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव प्रवीण साहू, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधी लोकमनी कोशले, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विद्या भूषण सोनवानी, नगर पालिका अभनपुर अध्यक्ष उत्रसेन गहिरवारे, उपाध्यक्ष बलविंदर गांधी,श्रीमती नीमा नींबेकर, श्रीमती देवनंदनी साहू, श्रीमती रूपा कोसरिया, श्रीमती रेणुका साहू, श्रीमती किरण साहू ,ब्रह्मानंद ठाकुर, सुनील कौशल, चंद्रहास साहू, सीताराम साहू, रानू राठी,विमल साहू,उपजीत सचदेवा, सहदेव कोसरिया, जयवर्धन बघेल, नीलकमल गिलहरे, डोमेंद्र साहू, बीरेंद्र सिन्हा, बीरबल दास टंडन,पार्थ वैष्णव, हिम्मत सिंह, डॉ. ओमप्रकाश साहू, भूपेंद्र बजाज, भूपेंद्र महिलांग,राकेश बघेल,सोनजीत ध्रुव,सुमित तंबोली सहित वरिष्ठ कांग्रेसजन एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

---

**विधायक और जिला सीईओ से मिलकर पंचायत की व्यथा बताई**

## सरपंच संघ की प्रशासन से 15वें वित्त आयोग शीघ्र प्रदाय की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छुईहा बेलर

गरियाबंद जिले के फिंगेश्वर विकासखंड के सरपंचों ने विकास कार्यों में आ रही बाधाओं को लेकर राजिम विधायक रोहित साहू और जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर से मुलाकात की। सरपंच संघ अध्यक्ष हरीश साहू के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में उन्होंने कई महत्वपूर्ण मांगों को उठाया, जिनमें 15वें वित्त आयोग की राशि जारी करने और पंचायतों को ही निर्माण कार्यों की एजेंसी बनाने की मांग प्रमुख है। सरपंच संघ ने बताया कि पदभार ग्रहण करने के बाद से उन्हें अब तक 15वें वित्त आयोग और मूलभूत योजनाओं की राशि नहीं मिली है, जिससे गांव का विकास प्रभावित हो रहा है। सरपंच उधार लेकर पेयजल, स्वच्छता, सड़क मरम्मत और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं ग्रामीणों को उपलब्ध करा रहे हैं, लेकिन अब यह संभव नहीं है। सरपंचों ने सीईओ से इस लंबित राशि को तुरंत पंचायतों के खातों में जमा कराने की सख्त मांग की।



**पंचायतों को मिले निर्माण एजेंसी का अधिकार-** सरपंच संघ ने यह भी स्पष्ट किया कि पंचायत में होने वाले सभी निर्माण कार्यों की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत को ही दी जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ठेकेदारों और दलालों को काम दिया गया तो वे इसका विरोध करेंगे। सरपंचों का आरोप है कि दलालों और कमीशनखोरों के कारण निर्माण कार्यों में घटिया सामग्री का उपयोग हो रहा है, जिससे गांवों की छवि खराब हो रही है। यदि पंचायतों को कार्य एजेंसी का अधिकार नहीं मिला तो वे ग्राम प्रस्ताव, नक्शा और खसरा जैसे दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराएंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी।

**अन्य महत्वपूर्ण मांगे-** मनरेगा के लंबित कार्यों को तुरंत शुरू किया जाए। क्षेत्र में पर्याप्त संख्या में ग्राम सचिवों की नियुक्ति की जाए।सरपंचों ने विधायक रोहित साहू से विकास कार्यों के लिए वित्तीय और प्रशासनिक सहयोग मांगा है। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता और जवाबदेही ही ग्राम विकास की कुंजी है और अगर पंचायतों को उनका अधिकार नहीं मिला तो गांवों का विकास बाधित होगा।




